# 2021

( Held in 2022 )

## HINDI

Paper : HIN–HG/RC–3016

( आधुनिक असमिया कहानी/आधुनिक हिन्दी कविता )

( Honours Generic/Regular Course )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**निर्देश :** अपने विकल्प का चयन करके उत्तर लिखिए

### (क) आधुनिक असमिया कहानी

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) असमिया कहानी के जनक कौन हैं?

(ख) सैयद आब्दुल मालिक द्वारा रचित एक कहानी का नाम लिखिए।

(ग) 'हाती' शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं?

(घ) 'एखन नदीर मृत्यु' शीर्षक कहानी में वर्णित नदी का नाम लिखिए।

(ङ) भद्रे कौन है?

(च) 'जोंक' शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं?

(छ) मामणि रयचम गोस्वामी को किस ग्रंथ के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ज) 'जानेकी' किस कहानी की पात्र है?

(झ) शीलभद्र का वास्तविक नाम क्या है?

(ञ) कुलशइकीया के एक कहानी-संग्रह का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) 'जोनाकी' पत्रिका के दो कहानीकारों के नाम लिखिए।

(ख) होमेन बरगोहाँइ की कहानियों की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) भवेन्द्रनाथ शइकीया के दो कहानी-संकलनों के नाम लिखिए।

(घ) अकलानन्द गोस्वामी के द्वारा विरचित 'आतरि देउता' शीर्षक कहानी की दो विशेषताएँ बताइए।

(ङ) 'मधुपुर बहुदूर' शीर्षक कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "एतिया एइखन कलं नदी हइ आछेने, एइखन गेला पुखुरी। माछ आहिब कॅर परा, पानीयइ नाइ।" यह कथन किसने और क्यों कहा था?





(ख) भवेन्द्रनाथ शइकीया द्वारा रचित 'ढोरा साँप' कहानी के शीर्षक का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) सौरभ कुमार चलिहा की कहानियों की विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए।

(घ) 'संस्कार' कहानी में वर्णित नारी-पात्र 'दमयन्ती' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) असमिया कहानी की प्रमुख विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"सोंत नोहोवा नदीक जाँजिये, बिहमेटेकाइ, अगरा गछे छाटि धरिबइ।"

**अथवा**

"मई मोर एइ दुइखन हातेरे मोर बंशधरक छुइ चाम।"

**5.** असमिया कहानी के उद्भव और विकास पर एक लेख लिखिए। 10

**अथवा**

असमिया कहानी साहित्य में बेजबरुवा के स्थान की समीक्षा कीजिए।

**6.** कहानी के तत्त्वों की दृष्टि से 'हाती' शीर्षक कहानी का विश्लेषण कीजिए। 10

**अथवा**

"'संस्कार' शीर्षक कहानी में तत्कालीन समाज-जीवन का चित्रण हुआ है।" इस संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

7. "'एखन नदीर मृत्यु' कहानी में कहानीकार ने एक विशेष जाति के जीवन-संग्राम की कहानी का वर्णन किया है।" सतर्क विवेचन कीजिए। 10

अथवा

असमिया कहानी साहित्य में इमरान शाह की देन पर प्रकाश डालिए।





### (ख) आधुनिक हिन्दी कविता

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'हरिऔध' का पूरा नाम क्या है?

(ख) 'प्रियप्रवास' के कवि कौन हैं?

(ग) हिन्दी साहित्य जगत में कौन 'राष्ट्र कवि' की आख्या से जाने जाते हैं?

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी का साहित्यिक उपनाम क्या है?

(ङ) 'झरना' के कवि कौन हैं?

(च) कौन-सी रचना जयशंकर प्रसाद के जीवन में मील का पत्थर साबित हुई?

(छ) 'कनुप्रिया' किसकी रचना है?

(ज) 'टूटा हुआ पहिया' किस कविता-संग्रह में संकलित है?

(झ) 'रोटी और संसद' कविता के कवि कौन हैं?

(ञ) किस काव्यग्रंथ के कारण अज्ञेय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हुए थे?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'पंचवटी में लक्ष्मण' शीर्षक कविता में कवि ने लक्ष्मण का चित्रण किस प्रकार किया है?

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य का मूल स्वर क्या है?

(ग) 'मेरे नाविक' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

(घ) 'साँप' किसका प्रतीक है?

(ङ) 'धूमिल' के काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में निहित राष्ट्रीय भावना को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'टूटा हुआ पहिया' कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है?

(ग) "यह तीसरा आदमी कौन है?
मेरे देश की संसद मौन है।"

—आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) महादेवी वर्मा के काव्य में निहित विरह-वेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'जो बीत गई सो बात गई' कविता का मूल संदेश क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) तू युग की हुंकार,
अमर जीवन की वाणी,
तेरी साँसें अमर हो उठें
युग कल्याणी।

**अथवा**

पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है
जो बीत गई सो बात गई।





(ख) मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ!
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले।

**अथवा**

जिस निर्जन में सागर लहरी।
अम्बर के कानों में गहरी
निश्चल प्रेम-कथा कहती हो,
तज कोलाहल की अवनी रे।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पठित कविताओं के आधार पर जयशंकर प्रसाद की काव्य-संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

मैथिलीशरण गुप्त द्वारा विरचित 'पंचवटी में लक्ष्मण' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) "'रोटी और संसद' कविता के माध्यम से कवि ने वर्तमान समाज की बहुत बड़ी सच्चाई को उद्घाटित किया है।" प्रस्तुत कथन की सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

**अथवा**

कथ्य और अभिव्यक्ति की दृष्टि से अज्ञेय द्वारा विरचित 'साँप' कविता की समीक्षा कीजिए।

★★★